# 19.समय सारिणी(Time)


## 19 समय सारिणी (Time)

AK2357

आपने दिन भर में कौन–कौन से कार्य किए ? उनकी सूची बनाएँ और देखें कि कार्य कब शुरू किए ? कब समाप्त किए और उनमें कितना समय लगा ?

यह सूची ही हमारे दिन भर के कार्यों की समय–सारिणी है। इसी तरह हम सप्ताह, महीने और वर्ष भर के कार्यों की सूची बना सकते हैं। जिसे देखकर यह तुरन्त ही पता लग सकता है कि हम किस दिन, किस समय कौन सा कार्य करेंगे।

इसी तरह रेलगाड़ियों के नाम व नम्बर, उनके आने–जाने के समय तथा मार्ग पर पड़ने वाले स्टेशनों की जानकारी के लिए रेलवे भी समय–सारिणी बनाता है। इस सारिणी के द्वारा हम ट्रेन संख्या, आरम्भ–गन्तव्य स्टेशन, आगमन व प्रस्थान आदि के विषय में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। नीचे उत्तर रेलवे की एक समय–सारिणी दी गई है।



रेलवे समय–सारिणी (नई दिल्ली )

दिल्ली–गाजियाबाद–मेरठ–सहारनपुर मार्ग

| ट्रेन नं० | ट्रेन का नाम | कहाँ से | कहाँ तक | आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|---|
| 54539 | पैसेन्जर | हजरत निजामुद्दीन | अम्बाला कैंट | 03.30 | 03.45 |
| 12017 | शताब्दी | नई दिल्ली | देहरादून | - | 06.50 |
| 19565 | उत्तरांचल एक्सप्रेस | ओखा | देहरादून | 10.40 | 11.00 |
| 14681 | एक्सप्रेस | नई दिल्ली | जालन्धर सिटी | - | 14.45 |
| 12035 | जनशताब्दी | नई दिल्ली | देहरादून | - | 15.25 |
| 54411 | पैसेन्जर | रेवाड़ी | मेरठ कैंट | 17.45 | 18.15 |
| 54473 | पैसेन्जर | दिल्ली | सहारनपुर | 18.55 | 19.35 |
| 12205 | ए०सी०(सु०फा०) | नई दिल्ली | देहरादून | - | 23.35 |

देखो :

- हर सारिणी का एक शीर्षक होता है जिससे रेलमार्ग की जानकारी मिलती है। जैसे इस सारिणी में दिल्ली, गाजियाबाद, मेरठ, सहारनपुर रेल मार्ग पर नई दिल्ली रेलवे स्टेशन का विवरण दिया गया है।
- सारिणी में पहले ट्रेनों का नम्बर व उनके नाम लिखे हैं।
- बीच के स्तम्भ में आरम्भ और गन्तव्य स्टेशन (कहाँ से – कहाँ तक) के बारे में लिखा है।
- पाँचवें स्तम्भ को देखकर हम यह पता कर सकते हैं कि ट्रेन कितने बजे जायेगी।

- छठे स्तम्भ को देखकर हम ट्रेन के प्रस्थान (जाने का) समय को जान सकते हैं।
  सारिणी देखकर और क्या–क्या पता कर सकते हैं ? ......................

स्वयं करो– उक्त सारिणी को देखकर बताओ –

- 12017 किस रेलगाड़ी का नम्बर है ?
- उत्तरांचल एक्सप्रेस कहाँ से प्रारम्भ होकर कहाँ तक जाती है ?
- रेलगाड़ी संख्या 12055 का नई दिल्ली से प्रस्थान समय बताओ।

भारतीय रेल की तरह राज्यों की अपनी बस सेवा भी है। रेलों की तरह बसों की भी समय–सारिणी होती है जिसमें सभी आवश्यक सूचनाएँ होती हैं।

सारिणियों को देखो –

सारिणी –1



| क्रमांक | मार्ग | प्रस्थान |
|---|---|---|
| 1. | लखनऊ – अयोध्या | 6:30, 7:30, 8:15, 9:00 |
| 2. | लखनऊ – कानपुर | 6:30, 7:15, 8:30, 9:50, 11:15, 12:30, 13:15, 14:00, 14:30, 15:30, 17:15, 18:30, 19:15, 20:30, 21:30 |
| 3. | लखनऊ–इलाहाबाद | 6:30, 7:00, 7:45, 8:45, 9:15, 9:30, 10:30, 12:30, 16:00, 17:30, 18:30 |
| 4. | लखनऊ–गोरखपुर | 7:30, 8:00, 9:15, 9:30, 10:15, 12:30, 14:00, 15:30, 17:00, 19:20, 20:30, 22:30 |
| 5. | लखनऊ–वाराणसी | 6:30, 7:45, 8:30, 10:15, 11:00, 16:30, 19:00, 20:30, 21:00, 22:30 |

सारिणी– 2

| क्रमांक | मार्ग | दूरी | किराया |
|---|---|---|---|
| 1. | लखनऊ – बस्ती | 265 | 231.00 |
| 2. | लखनऊ – कानपुर | 87 | 149.00 |
| 3. | लखनऊ–इलाहाबाद | 204 | 187.00 |
| 4. | लखनऊ–गाजियाबाद | 504 | 550.00 |
| 5. | लखनऊ–दिल्ली | 520 | 564.00 |
| 6. | लखनऊ–सीतापुर | 90 | 137.00 |
| 7. | लखनऊ–गोरखपुर | 284 | 294.00 |
| 8. | लखनऊ–बहराइच | 133 | 213.00 |
| 9. | इलाहाबाद–सुल्तानपुर | 100 | 109.00 |
| 10. | इलाहाबाद–वाराणसी | 125 | 137.00 |

**इसे देखकर पता चलता है –**

- एक स्थान से दूसरे स्थान को जाने वाली बसों का मार्ग – सारिणी–1 स्तम्भ : 2
- जाने वाली बसों का समय – सारिणी–1, स्तम्भ : 3
- एक स्थान से दूसरे स्थान की दूरी – सारिणी–2, स्तम्भ : 3
- बसों का किराया – सारिणी–2 , स्तम्भ : 4

*शिक्षक कुछ और सारिणी लेकर बच्चों से भी चर्चा करें।*

### हम सीख गए

- [illegible]
- [illegible]

## अभ्यास

1. नीचे दी गई रेलवे समय सारिणी को देखकर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दो –

प्रयागराज जंक्शन

प्रयागराज – लखनऊ रेल मार्ग

| ट्रेन नम्बर | ट्रेन का नाम | आगमन |
|---|---|---|
| 14512 | गोमती एक्सप्रेस | 09:50 |
| 14116 | इला० हरिद्वार एक्सप्रेस | 05:00 |
| 14216 | गंगा गोमती एक्सप्रेस | 22:15 |
| 14370 | त्रिवेणी एक्सप्रेस | 20:35 |

(क) उपर्युक्त सारिणी किस मार्ग से सम्बन्धित है ? ..............

(ख) गंगा गोमती एक्सप्रेस ट्रेन का नं0 क्या है ? ..............

(ग) ट्रेन नं0 14370 का प्रयागराज आने का समय क्या है ?....

(घ) 14512 किस ट्रेन का नम्बर है ?..............................

2. पाठ में बस की समय–सारिणी देखकर बताओ –

(क) लखनऊ से कानपुर जाने के लिए कितनी बसें हैं ? ........

(ख) लखनऊ से वाराणसी के लिए बसें कब–कब जाती हैं।......

(ग) कानपुर से लखनऊ की दूरी कितनी है ?.....................

(घ) लखनऊ से प्रयागराज की दूरी कितनी है ?..................

(ङ) कानपुर से लखनऊ का किराया कितना है ? ..............